हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 30 मई 2026

11 बाल संस्कार शिविर का भव्य समापन, बच्चों की मनमोहक...



12 सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे 3 दुकानों पर छापेमारी...



**खबर संक्षेप**

### बंद मकान से लाखों रुपये का सामान चोरी

**नारनौल।** गांव भूषण कलां में बंद मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। मामले में थाना सदर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भूषण कलां निवासी कैप्टन प्रताप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 मई को अपने बेटे के पास दिल्ली गए हुए थे। घर के बाहर लगे पौधों में पानी देने के लिए उन्होंने गेट की चाबी रिंकू पुत्र विजय कुमार को दे रखी थी। जब 27 मई की सुबह करीब आठ बजे रिंकू जब पौधों में पानी देने पहुंचा, तो उसने देखा कि बाहर रखी इन्वर्टर बैटरी का पानी और ढक्कन बिखरे पड़े हैं। इसके बाद उसने मुख्य गेट की जांच की, तो घर का ताला टूटा मिला। जांच में घर से 40 हजार रुपये नकद, डेढ़ तोला सोने की चेन, दो चांदी के बिस्कुट, 10 चांदी के सिक्के, चार गैस सिलेंडर, एक इन्वर्टर और उसकी बैटरी चोरी मिली।

### राजस्थान पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपित

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस ने तत्परता का परिचय देते हुए पड़ोसी राज्य राजस्थान की पुलिस की मदद की और एक कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने राजस्थान के अलवर जिले से जुड़े एक आपराधिक मामले में शामिल आरोपित और एक बाल अपचारी को काबू करके राजस्थान पुलिस के हवाले किया है। राजस्थान के थाना कोतवाली अलवर में 27 मई को चोरी का एक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले के आरोपितों की धरपकड़ के लिए राजस्थान पुलिस सुराग जुटाते हुए नारनौल पहुंची थी।

### कोर्ट मोड़ के पास मिला व्यक्ति का शव

**नारनौल।** शहर में वीरवार देर शाम को कोर्ट मोड़ के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। महेंद्रगढ़ रोड स्थित कोर्ट मोड़ के पास वीरवार देर शाम को एक व्यक्ति सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। राहगीरों ने जब उसे देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति की जांच की, तो उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान खुशीराम निवासी इंदिरा कॉलोनी के रूप में हुई। मृतक की उम्र करीब 60 वर्ष बताई जा रही है। वह मजदूरी का काम करता था।

## बारिश ने दिलाई भीषण गर्मी से राहत, तापमान में 5 डिग्री की गिरावट, आमजन ने ली राहत की सांस

**दो दिनों में नारनौल में15.5 एमएम महेंद्रगढ़ में 18.5 एमएम बरसात हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में वीरवार रात के बाद शुक्रवार सायं को भी हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दिलाई। लगातार पड़ रही तेज गर्मी और उमस के बीच हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया तथा दिन के तापमान में करीब पांच डिग्री व रात के तापमान में छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी बारिश रिकॉर्ड की गई। पिछले दो दिनों में नारनौल में 15.5 एमएम, महेंद्रगढ़ में 18.5 एमएम, कनीना में 15.0 एमएम, अटेली में 11.0 एमएम, नांगल चौधरी में 12.5 एमएम व सतनाली में 8.0 एमएम वर्षा दर्ज की गई।

**बारिश फसलों के लिए लाभदायक**

बारिश के चलते शुक्रवार को नारनौल का अधिकतम तापमान घटकर 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि रात्रि तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं वीरवार को जिले में नारनौल का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। तापमान में आई गिरावट से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। इससे पहले बुधवार को नारनौल में दिन का तापमान 45.5 डिग्री व रात का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। जिसके चलते आमजन को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। शुक्रवार शाम को मौसम सुहावना होने पर लोग घरों से बाहर निकले और ठंडी हवाओं का आनंद लिया। किसानों के अनुसार यह बारिश फसलों के लिए भी लाभदायक साबित होगी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में बदलाव बने रहने की संभावना है।



नारनौल। शहर में बादल के चलते सायं साढ़े चार बजे छाया अंधेरा। फोटो : हरिभूमि

**बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहावना**

**महेंद्रगढ़।** दूसरे दिन भी शाम के समय मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में काली घटाएं छा गईं। दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को शाम होते-होते राहत महसूस हुई। आसमान में बादलों की आवाजाही के साथ तेज हवाएं चलने लगीं, जिससे वातावरण पूरी तरह बदल गया। कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई, जबकि कुछ स्थानों पर बारिश के आसार बने रहे। मौसम के इस बदले मिजाज से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ घंटों में कई क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना बनी हुई है। विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ और बदलते मौसम तंत्र के कारण कई हिस्सों में मौसम में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी भी हो सकती है। गौरतलब है कि एक दिन पहले भी जिले में मौसम अचानक बदला था। शाम के समय तेज बारिश हुई थी और कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी दर्ज की गई थी। ओले गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई थी, क्योंकि खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई थी, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली थी।

**जल निकासी व्यवस्था फेल, मंडी परिसर बना तालाब**

## थोड़ी सी बारिश में ही जलमग्न हुई नई सब्जी मंडी, खरीद-फरोख्त पर असर

**दुकानदारों, आढ़तियों और ग्राहकों को घंटों झेलनी पड़ी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी रोड पर जल महल के पास बनी नई सब्जी एवं फल मंडी में बृहस्पतिवार रात्रि को हुई हल्की बारिश ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। जल महल के समीप बनी नई सब्जी मंडी थोड़ी देर की बरसात में ही जलमग्न हो गई, जिसके चलते सुबह के समय सब्जियों और फलों की खरीद-फरोख्त प्रभावित रही। मंडी परिसर में जगह-जगह पानी भर जाने से हालात ऐसे बन गए मानो मंडी झील में तब्दील हो गई हो। दुकानदारों, आढ़तियों, रेहड़ी-खोमचा संचालकों, मजदूरों और ग्राहकों को पानी के बीच खड़े होकर काम करना पड़ा। सुबह के समय मंडी में करीब एक हजार लोगों की आवाजाही रहती है।

दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले सब्जियों और फलों से भरे वाहन रात के समय ही मंडी पहुंच जाते हैं, ताकि सुबह जल्दी खरीद-फरोख्त शुरू हो सके। लेकिन बारिश के बाद मंडी परिसर में जलभराव होने से वाहन पानी में खड़े रहे और व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सब्जी मंडी में सामान्य दिनों में अधिकांश आढ़ति व दुकानदार पक्के फर्श पर पल्ला बिछाकर सब्जियां और फल बेचते हैं, लेकिन शुक्रवार सुबह हालात ऐसे रहे कि कई दुकानदार पल्ला तक नहीं बिछा सके। मंडी के अंदर चारों ओर पानी और कीचड़ फैल गया। बरसात के पानी के साथ गायों के गोबर और गंदगी मिल जाने से बदबू फैल गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई।

व्यापारियों का कहना है कि मंडी में जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। मंडी के मुख्य गेट के पास बने नालों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण पानी बाहर नहीं निकल पाया। परिणामस्वरूप थोड़ी सी बारिश का पानी भी मंडी के अंदर जमा हो गया।

सुबह के समय इस मंडी में लाखों रुपये का कारोबार होता है और आढ़ती मार्केट कमेटी को फीस भी अदा करते हैं, लेकिन इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि मंडी में सफाई व्यवस्था भी बेहद खराब है। केवल दो सफाई कर्मचारियों के भरोसे दो मंडियों का काम चलाया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह समस्या हर बार सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जल निकासी और सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले मानसून में स्थिति और गंभीर हो सकती है। नालों की नियमित सफाई, अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति तथा टूटे स्टॉपेज की जल्द मरम्मत की मांग उठाई है।





नारनौल। सब्जी एवं फल मंडी में भरा बरसात का पानी व पानी में खड़े सब्जी एवं फलों से भरे वाहन। फोटो : हरिभूमि

**दुकानदारों और आढ़तियों ने सुनाई समस्या**

मंडी के आढ़ती रोशन लाल सैनी, भगत सिंह सैनी, विक्की सैनी, राजेश सैनी उर्फ लालू, रामचंद्र सैनी, नरेश, ललित और लक्ष्मण आदि ने बताया कि हल्की बारिश ने ही मंडी की बदहाल व्यवस्था उजागर कर दी। उन्होंने कहा कि मंडी में बरसात का पानी और गायों का गोबर मिलकर कीचड़ में बदल गया है, जिससे व्यापार करना मुश्किल हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी में पानी निकासी के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं और नाला अवरुद्ध पड़ा हुआ है। अधिकारी भी इस समस्या से अवगत हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। व्यापारियों ने कहा कि मार्केट कमेटी ने केवल दो सफाई कर्मचारी लगा रखे हैं, जबकि उन पर दो मंडियों की जिम्मेदारी है। नियमित सफाई नहीं होने से मंडी में गंदगी और बदबू बनी रहती है।

**छोटे दुकानदार और मजदूर सबसे ज्यादा परेशान**

मंडी में रोजाना काम करने वाले रेहड़ी-खोमचा संचालकों और मजदूरों ने बताया कि बारिश के बाद पूरा परिसर पानी से भर गया। उन्हें घंटों पानी में खड़े होकर काम करना पड़ा। कई दुकानदार अपना सामान सही तरीके से नहीं लगा सके। वाहन चालकों ने भी बताया कि मंडी में जलभराव होने से गाड़ियों को निकालना मुश्किल हो गया।

**यह बोली सचिव नुकुल यादव**

*मंडी में दुकान नंबर 58 के पास बना स्टॉपेज टूटा हुआ है। इसी कारण बरसात का पानी सही तरीके से बाहर नहीं निकल पाता और मंडी परिसर में भर जाता है। टूटे स्टॉपेज की मरम्मत के लिए करीब दो माह पहले ही एक्शन को पत्र लिखा जा चुका है। एक्शन की ओर से बताया गया है कि वार्षिक रिपेयर बजट मिलने के बाद स्टॉपेज की मरम्मत कराई जाएगी।*

*–नुकुल यादव, सचिव, मार्केट कमेटी, नारनौल*



महेंद्रगढ़। पानी की समस्या को लेकर रोष प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सिसोठ में अनुसूचित जाति बस्ती में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव सिसोठ में अनुसूचित जाति के लोगों ने लंबे समय से चली आ रही पेयजल की गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन के विरुद्ध रोष प्रदर्शन किया। गांव निवासी मुकेश कुमार, बाबूलाल, जोगेंद्र, होशियार, मनफूल, अजित पंच, सुनील, मदनलाल, वेदप्रकाश, कमाल, विक्रम आदि लोगों ने बताया कि अनुसूचित जाति में लगे पंचायती बोर लगभग 22 वर्ष पुराना है, जो अब पूरी तरह से फेल हो चुका है। जिसकी वजह से बस्ती के लोगों को पानी की भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला उपायुक्त से मांग की है कि उन्हें लंबे समय से आ रही पानी की परेशानी से राहत दिलाई जाए और फेल पड़े बोर दोबारा चालू करवाया जाए। उनका कहना था कि गांव सिसोठ में अनुसूचित जाति बस्ती के लोगों के लिए पंचायत द्वारा पीने के पानी का बोर बनवाया गया था, लेकिन करीब 10 महीने पहले यह बोर फेल हो गया था। जिसकी वजह से बस्ती के लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में हालात और भी गंभीर हो गए हैं तथा लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत सिसोठ ने भी बीते 22 दिसंबर 2025 को जन स्वास्थ्य विभाग महेंद्रगढ़ के एसडीओ और कार्यकारी अभियंता को प्रस्ताव भेजकर नया बोर करवाने की मांग की थी। इसके अलावा बीती तीन फरवरी 2026 को गांव डुलाना में हरियाणा सरकार द्वारा लगे समाधान शिविर में भी इस समस्या को उठाया गया था, जहां प्रशासन की ओर से तत्कालीन जिला उपायुक्त मनोज कुमार ने पंचायत का प्रस्ताव आने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया अनुसूचित जाति के लोगों के लिए पीने के पानी का नया बोर करवाने का आश्वासन दिया गया था। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी यदि जल्द ही इसका कोई समाधान नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेवारी जिला प्रशासन व विभाग के अधिकारियों की होगी।

**लोगों ने प्रशासन के विरुद्ध जताया रोष**

## हादसे में एक ही गांव के दो लोगों की मौत

**नारनौल।** रेवाड़ी रोड पर अटेली के पास नेशनल हाईवे नंबर 11 पर वीरवार रात को सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक ही गांव के दो लोगों की मौत हो गई। दोनों ही रेवाड़ी के माजरा में बन रहे एम्स में लेबर का काम करते थे। गांव दुबलाना के इंद्रजीत सिंह व करतार एम्स माजरा में लेबर का काम करते थे। काम करने के बाद वे रोजाना बाइक से अपने घर पर आते-जाते थे। वीरवार शाम को भी वे काम खत्म होने के बाद बाइक पर सवार होकर अपने घर दुबलाना आ रहे थे। इस दौरान अटेली से थोड़ा आगे जब वे गांव बोचड़िया के रेस्ट एरिया के नजदीक पहुंचे, तो एक अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों ही बाइक से सड़क पर गिर गए। जिसके कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस व पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से सीएचसी अटेली पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने दूसरे को इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर दोनों का पोस्टमार्टम किया गया। करतार के एक लड़का अग्नीवीर में लगा है। ग्रामीण व समाजसेवी राजेंद्र दुबलाना ने बताया कि मृतक का लड़का इस हादसे से एक दिन पहले ही अग्नीवीर लगा है। मृतक के पिता भी फौज में था। वहीं उसके एक लड़की है। जबकि दूसरे मृतक इंद्रजीत सिंह के दो लड़के हैं।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कनीना।** बीती रात्रि करीब 10 बजे सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस बारे में सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कोटिया गांव के सरपंच धर्मबीर सिंह तथा मार्केट कमेटी के चेयरमैन जेपी कोटिया ने बताया कि गांव के दो युवक मनीष व हर्ष कनीना से वाया करीरा होकर अपने घर कोटिया जा रहे थे। करीरा के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने 24 वर्षीय मनीष को मृत घोषित कर दिया, जबकि हर्ष का प्राथमिक उपचार कर उसे पीजीआईएमएस रोहतक के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे रेवाड़ी अस्पताल में दाखिल कराया है, जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची ओर शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को उसका पंचनामा कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।





# आजकल बच्चों वाली फिल्में कम बनती हैं : जैकी

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो - एलियंस का आगमन'को लेकर चर्चाओं में हैं। जैकी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह बच्चों के लिए बनी एक फन लविंग फिल्म है। इस बीच जैकी श्रॉफ ने कहा कि यह शैली उनके दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह मेनस्ट्रीम सिनेमा से गायब एक खास पहलू को छूती है। एक बातचीत के दौरान जैकी श्रॉफ ने फिल्म को लेकर कहा कि आजकल बच्चों की फिल्में बहुत कम बनती हैं और अगर कोई फिल्म बच्चों, उनके सपनों, उनकी मासूमियत के बारे में हो तो मुझे उसे पर्दे पर उतारना अच्छा लगता है। फिल्मों में हमें ये सब देखने को नहीं मिलता। मैं हर तरह की फिल्में करता हूं, लेकिन यह शैली मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि हम सभी के अंदर एक बच्चा छिपा होता है। बचपन में अथर्ववेद, आयुर्वेद, ऋग्वेद पढ़ने के बजाय, हम 'जैक एंड जिल वेंट अप द हिल', 'रिंग-ए-रिंग-ए-रोजेज' और 'अलादीन' पढ़ते थे। हम उन चीजों के बारे में नहीं सीख रहे हैं जो वास्तव में भारतीय हैं। मुझे लगता है कि ये वो चीजें हैं, जो हमने बचपन में खो दीं।



लाइफ Style

# किआरा
## 'किसी से हाय-हेलो मत करना'

एक्टर यश और किआरा आडवाणी जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स'में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इस फिल्म के अनुभव के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में किआरा ने बताया कि फिल्म की डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने उनसे सेट पर एक खास बात के लिए कहा था। उन्होंने कहा, 'गीतू ने मुझसे कहा कि जब तुम कल सेट पर आओ, तो मैं चाहती हूं कि तुम अपने किरदार में ही रहो।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

मैं आमतौर पर सेट पर जाते ही सबसे हाय, हेलो, गुड मॉर्निंग कहती हूं, मैं वैसी ही इंसान हूं। लेकिन, उन्होंने मुझसे साफ कहा कि मुझे कोई फॉर्मेलिटी नहीं चाहिए। मैं चाहती हूं कि तुम सीधे अपने किरदार के जोन में आओ। किसी से 'हाय-हेलो'मत करना, अपनी टीम से भी नहीं, बस पूरे दिन उसी जोन में रहना।' किआरा आडवाणी ने यह भी माना कि इस फिल्म पर काम करना उनके लिए काफी 'चैलेंजिंगरहा, क्योंकि उन्हें कन्नड़ भाषा में भी शूट करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'कन्नड़ में काम करना मेरे लिए नया अनुभव था। मैं कहूंगी कि 'टॉक्सिक'मेरे लिए इसलिए भी मुश्किल रही क्योंकि पहली बार हमने एक ही सीन को अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों में शूट किया। पहले हम उस सीन को अंग्रेजी में करते थे, जब तक परफेक्ट टेक नहीं मिल जाता। उसके बाद उसी सीन को कन्नड़ में शूट करते थे।' किआरा ने आगे बताया, 'मेरे लिए कन्नड़ मेरी भाषा नहीं है, इसलिए मुझे अपने डायलॉग्स एक रात पहले ही रटने पड़ते थे।'बता दें कि केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 4 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक बार फिर टाल दिया गया है। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

हॉलीवुड मसाला



# जॉन रैम्बो में मुख्य भूमिका निभाएंगे नोआ

**लॉस एंजिल्स।** सिल्वेस्टर स्टेलोन की मशहूर फिल्म रैम्बो सीरीज की अगली फिल्म जॉन रैम्बो जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन नहीं, बल्कि नोआ सेंटिनियो मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'जॉन रैम्बो' फिल्म 'रैम्बो' के शुरुआती दिनों की कहानी दिखाएगी, जो 1982 में आई इस सीरीज की पहली फिल्म 'फर्स्ट ब्लड' से भी पहले के समय पर आधारित है। 'जॉन रैम्बो' 4 जून, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका नोआ सेंटिनियो निभाएंगे। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन की जगह अब नोआ सेंटिनियो मुख्य किरदार 'जॉनी रैम्बो' के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म में डेविड हार्बर 'मेजर ट्रॉटमैन' की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ जेम्स फ्रैंको, जेसन टोबिन और क्विंसी यशायाह जैसे कई बाकी कलाकार भी अहम रोल में दिखेंगे।



# तलाक के बाद जेनिफर ने हटवाया बेन का टैटू

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसके बाद से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड बेन एफ्लेक के नाम वाला टैटू कवर कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर ने मेमोरियल डे के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज का दिन मैं अपने करीबियों के साथ बिता रही हूं। सभी को हैप्पी मेमोरियल डे।'इन तस्वीरों में से एक में वह अपने बेटे मैक्सिमिलियन 'मैक्स'मुनिज के साथ नजर आईं, जो उनके और उनके एक्स-हसबैंड मार्क एंथनी के बेटे हैं। इस फैमिली गैदरिंग के दौरान जेनिफर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें उनका टैटू साफ दिखाई दे रहा था। पहले इस टैटू में एक इन्फिनिटी साइन था, जिसमें जेनिफर और बेन दोनों के नाम लिखे थे और उसके ऊपर एक एरो बना था। लेकिन, अब जो तस्वीर सामने आई है, उसमें जेनिफर नाम तो दिख रहा है, लेकिन बेन का नाम कवर किया हुआ नजर आ रहा है। जेनिफर ने यह टैटू फरवरी 2023 में वैलेंटाइन डे के मौके पर दिखाया था, जब वह और बेन एफ्लेक शादी के बाद अपना पहला वैलेंटाइन मना रहे थे। उस समय उन्होंने लिखा था, 'कमिटमेंट... हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय लव।



# पिरामिड स्कीम का ट्रेलर रिलीज
## नए अंदाज में दिखे शेखर


**नई दिल्ली।** सीरीज 'द पिरामिड स्कीम' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में बिजनेस के जरिए अपने सपनों और कामयाबी हासिल करने की ख्वाहिश लिए कुछ किरदार नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में करोड़पति बनने के रास्ते में आने वाले उतार-चढ़ावों को मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। कभी न कभी नेटवर्क मार्केटिंग से सभी का सामना होता है। कोई मजबूरी में इस काम से जुड़ता है तो कोई इसकी चकाचौंध देख कर। ट्रेलर में एक लड़का दिखाया गया है, जो पिता से अपने बिजनेस के लिए पैसे मांग रहा है। मगर पिता दे नहीं रहे हैं। इस लड़के के अलावा सीरीज में एक बिजनेसमैन भी है, जो नेटवर्क मार्केटिंग के बिजनेस के सपने लोगों को दिखाता है। अभिनेता शेखर सुमन को आखिरी बार सीरीज 'हीरामंडी' में देखा गया था। इसके बाद अब वो 'द पिरामिड स्कीम' सीरीज में दिखाई देंगे।



# अली स्टारर राख की रिलीज डेट आई सामने

**मुंबई।** अली फजल और सोनाली बेंद्रे स्टारर आगामी इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज 'राख'की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर सीरीज से अली फजल का एक पोस्टर साझा किया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। पोस्टर में अली फजल पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक लाश जैसी पड़ी मालूम हो रही। अली काफी इंटेंस और परेशान नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'दबे हुए सच हमेशा अपना रास्ता खोज ही लेते हैं।' राख 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। राख एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा सीरीज है, जो अपराधी की मानसिकता और आम जिंदगी के पीछे छिपे डार्कनेस को दिखाती है। जब दो लड़के अचानक गायब हो जाते हैं, तो एक खुशहाल परिवार टूट जाता है और पूरा शहर दहशत में आ जाता है।

टीवी मसाला



# अगर आप कोई स्टार नहीं हैं तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और इंटरनेट पर्सनैलिटी उर्फी जावेद अक्सर अजीब ड्रेस पहनने को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने मुश्किल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया से उनकी जिंदगी बदलने से पहले, उनके टेलीविजन के दिन कितने मुश्किल थे। सोहा अली खान के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, उर्फी ने बताया मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हमेशा एक स्टार बनने और मुंबई में एक आरामदायक जिंदगी जीने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि वह अपने जालिम पिता से बचने के लिए घर से भाग गई थीं। उर्फी ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि इंडस्ट्री में बिना किसी जान-पहचान के मौके मिलना बहुत मुश्किल है। इसके बाद उन्होंने यह सोचकर टेलीविजन का रुख किया, कि वहां काम मिलना शायद आसान होगा। हालांकि ऐसा नहीं था। टीवी में उन्हें अक्सर साइड रोल ही मिले। टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उर्फी ने कहा, 'अगर आप कोई स्टार नहीं हैं या लीड रोल में नहीं हैं, तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता। अगर आप कोई साइड कैरेक्टर हैं, तो आपके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता।'

## अर्चना ने समीरा के बगीचे से तोड़े काजू

**नई दिल्ली।** समीरा रेड्डी उन फिल्मी सितारों में से एक हैं जो मुंबई की चकाचौंध से दूर गोवा में सुकून भरी जिंदगी जीने में यकीन करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह अपने परिवार के साथ समीरा रेड्डी के घर घूमने पहुंचीं। इस दौरान अर्चना ने पहली बार अपने हाथ से काजू तोड़े जिसे संभालकर रखने की बात करती दिखीं। अर्चना पूरन सिंह ने समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में अर्चना समीरा के गार्डन से ऑर्गैनिक रियल काजू तोड़कर बेहद खुश नजर आ रही हैं। वो कह रही हैं कि ये काजू वो हमेशा अपने साथ एक याद के तौर पर रखेंगी। वीडियो में अर्चना अपने परिवार के साथ समीरा के गार्डन में दिख रही हैं। शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि अर्चना पूरन सिंह पूरे परिवार के साथ समीरा के बगीचे में काजू का फल तोड़ती हैं जबकि समीरा उन्हें इस मजेदार अनुभव के बारे में बताती हैं। वहीं, अर्चना कहती हैं कि इसे वो खास याद के तौर पर रखेंगी। उसी बीच अर्चना के पति परमीत सेठी याद दिलाते हैं कि भारती सिंह के बेटे का नाम भी काजू है। इस वीडियो में अर्चना और परमीत के बेटे आर्यमन सेठी और आयुष्मान सेठी भी नेचर का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं।



# सलमान ने खास दोस्तों को दिखाई मातृभूमि की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में सलमान ने अपनी फिल्म 'मातृभूमि' का रफ कट वर्जन कई निर्देशकों को एक साथ दिखाया। जिसकी एक खास झलक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर इस शाम की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में सलमान खान के साथ सूरज बड़जात्या, डेविड धवन, कबीर खान, रूमी जाफरी, रितेश देशमुख, चित्रांगदा सिंह, सिद्धार्थ रॉय कपूर और अपूर्व लाखिया जैसे कई बड़े सितारे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सलमान खान काले कपड़ों में और चित्रांगदा सिंह सफेद कपड़ों में बेहद सुंदर लग रही थीं। फोटो शेयर करते हुए सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज अपने पसंदीदा निर्देशकों को एक साथ देखना बहुत अच्छा लगा। हम सब अपूर्व लाखिया की फिल्म 'मातृभूमि' को देखने आए थे। इस फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म गलवां सीमा पर भारत और चीन के सैनिकों की एक भावुक कहानी पर आधारित है, जो दोनों देशों के सैनिकों की अपने परिवार और देश के प्रति भावनाओं को दिखाती है। फिल्म का मुख्य संदेश शांति और सम्मान है।' इसी के साथ सुभाष ने सलमान का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'सलमान, हमें बुलाने के लिए शुक्रिया। हम फिल्म की बड़ी सफलता की कामना करते हैं।' सलमान खान का इस स्क्रीनिंग में आए सभी निर्देशकों के साथ बहुत पुराना और गहरा रिश्ता है।

# जून में रिलीज होंगीं ये हिंदी फिल्में

**नई दिल्ली।** जून का महीना सिनेमा लवर्स के लिए खास रहने वाला है। ओटीटी पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा, सिनेमाघरों में भी कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज हो रही हैं। जून के महीने में हिंदी, इंग्लिश और भारत की क्षेत्रीय भाषाओं को मिलाकर 20 से ज्यादा फिल्में सिनेमाघरों में जून में रिलीज होंगी। हम आपको उन फिल्मों के नाम बता रहे हैं जो हिंदी भाषा में रिलीज होंगीं। 10 हिंदी फिल्में जून के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं।

**पेड्डी :** ये एक तेलुगु भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में राम चरण, जाह्नवी कपूर, विजय सेतुपति, दिव्येन्दु और शिव राजकुमार जैसे कलाकार नजर आनेवाले हैं। फिल्म को बुची बाबू सना ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा, रिलीज डेटः 4 जून।

## 12 जून को 4 फिल्मों का होगा क्लैश



**गवर्नर :** इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, अदा शर्मा और मधु शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को चिनमय मंडलेकर ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः पीरियोडिक थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**मैं वापस आउंगा :** फिल्म को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, शारवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैना जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, रिलीज डेटः 12 जून।

भारत भाग्य विधाता। कंगना रनौत और गिरिजा ओक जैसे कलाकार इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म को मनोज तापड़िया ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म होगी। जॉनरः ड्रामा थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**है जवानी तो इश्क होना है :** वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। वरुण धवन ने फिल्म में जस का किरदार निभाया है। इस फिल्म में सलमान खान के चुनरी-चुनरी गाने का

**बंदर :** इस डार्क क्राइम थ्रिलर को अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। बॉबी देओल इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। बॉबी देओल के साथ फिल्म में सान्या मल्होत्रा और सबा आजाद जैसे कलाकार नजर आएंगे। **जॉनरः** डार्क क्राइम थ्रिलर, रिलीज डेटः 5 जून।

**हॉटेड थ्रीडीः** ईकोज ऑफ द पास्ट : विक्रम भट्ट ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। ये फिल्म साल 2011 में आई फिल्म हॉटेड थ्रीडी का सीक्वल है। इस फिल्म में महाक्षय चक्रवर्ती, चेतना पांडे, श्रुति प्रकाश और हेमंत पांडे जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः हॉरर, रिलीज डेटः 12 जून।

## 7 पतियों की मौत, मिला ये कल्ट गाना, दिलचस्प है इस गाने की कहानी

# 166 साल पुराने रूसी लोकगीत पर बना ये हिंदी सॉन्ग, ऊषा ने दी आवाज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में ऐसे कई सिंगर्स हैं, जिनके काम को खूब पसंद किया और जिन्होंने सालों तक काम किया। लेकिन, उनके काम को वो पहचान नहीं मिली, जिसके वह हकदार थे। ऐसा ही बॉलीवुड की एक सिंगर के साथ हुआ, जब उन्होंने एक ऐसे गाने को बनाया जिसने उन्हें उनके करीब 40 साल के कॅरियर में पहली बार उन्हें अवॉर्ड दिलाया था और यह सब उनके एक गाने की वजह से हुआ था और आज उसी कल्ट गाने की कहानी जानते हैं।

### कौन सा है वो गाना?

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर ऊषा उत्थुप ने सिनेमा में कई यादगार गाने दिए, लेकिन उन गानों के लिए उन्हें कभी वो सराहना या बड़े सम्मान नहीं दिए गए। फिर साल 2011 में ऊषा उत्थुप को एक फिल्म का ऑफर आया और इस फिल्म का नाम था '7 खून माफ' । यह वही फिल्म है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म में ऊषा ने मैगी का किरदार निभाया। इसी फिल्म में एक गाना था, जिसका नाम था 'डार्लिंग' इस गाने को ऊषा ने ही अपनी आवाज दी थी और उनके साथ रेखा भारद्वाज ने भी इस गाने को गाया था।



### इस गाने के लिए अवॉर्ड मिला

*इस गाने के लिए ऊषा उत्थुप को अवॉर्ड भी मिला और ये उनके जीवन के एक बड़ी उपलब्धि थी। आमतौर पर बॉलीवुड में विदेशी धुनों को बिना बताए कॉपी कर लिया जाता है, लेकिन विशाल भारद्वाज ने फिल्म की एल्बम और क्रेडिट रोल्स में आधिकारिक तौर पर 'कालिन्का' और उसके रूसी ओरिजिन को पूरा क्रेडिट दिया है। इसीलिए आज भी यह गाना उतना ही हिट है और लोग इस पर खूब थिरकते हैं।*

### रूसी धुन से बना आइकोनिक गाना

असल में डार्लिंग गाना सात समंदर पार से आया था। 'डार्लिंग' गाना रूस का एक बेहद मशहूर और पारंपरिक लोक गीत है, जिसका नाम है 'कालिन्का' । कालिन्का को साल 1860 में रूसी संगीतकार और लोक-साहित्यकार इवान लारियोनोव ने लिखा था। रूस में यह गाना उतना ही लोकप्रिय और पवित्र माना जाता है, जितना भारत में संगीत सीखने के लिए 'सा रे गा मा' या कोई बहुत प्रसिद्ध लोकगीत। यह गाना अक्सर रूसी सेना के कॉयर द्वारा गाया जाता रहा है। आज भी वहां यह गाना अलग-अलग मौकों पर गाया जाता है। ऊषा उत्थुप ने इसी गाने की धुन को सोचा और फिर विशाल भारद्वाज के साथ मिलकर उन्होंने डार्लिंग जैसा कल्ट गाना बना दिया, जो कि ब्लॉकबस्टर रहा।

### कैसे बना डार्लिंग गाना?

दरअसल, उस दौरान ऊषा उत्थुप को ऐसे ही विशाल भारद्वाज ने अपनी फिल्म 7 खून माफ का ऑफर दिया और पूछा कि क्या वह एक्टिंग करना चाहेंगी। बाद में उन्होंने इस ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया और इसके बाद सीधे ही फिल्म में ऊषा को मैगी का किरदार मिल गया। अब फिल्म '7 खून माफ' रस्किन बॉन्ड की कहानी 'सुजानाज सेवन हसबैंड्स' पर आधारित थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य किरदार में थीं और प्रियंका का किरदार सुजाना कुल 7 शादियां करती है और अपने पतियों को मार देती है। इसी में एक पति के किरदार का नाम अलेक्जेंडर होता है और वह रूसी होता है। इसी को लेकर ऊषा उत्थुप के दिमाग में एक रूसी धुन आती है और फिर विशाल भारद्वाज को यह बताती हैं तो इस पर विशाल उनसे एक गाना बनाने को कहते हैं।

**खबर संक्षेप**

### आकोदा सब सेंटर में नई एएनएम ने संभाला पदभार

**महेंद्रगढ़।** आकोदा उप स्वास्थ्य केंद्र सब सेंटर में अब स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से एएनएम का पद रिक्त होने के कारण क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब इस पद पर नई एएनएम नीलम कुमारी ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया है। नीलम कुमारी की नियुक्ति से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। उनके आने से सब सेंटर की गतिविधियों में तेजी आएगी, विशेषकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण और नियमित जांचों में विशेष सुधार होगा।

### प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**नारनौल।** रोहिल्ला टांक क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार एवं संगठनात्मक मुलाकात की। महासम्मेलन संयोजक रमेश पंवार के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को वर्ष 2026 के नवंबर दिसंबर माह में नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले रोहिल्ला टांक क्षत्रिय दर्जा की रूपरेखा से अवगत कराया तथा कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

## बाल संस्कार शिविर का भव्य समापन, बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

# संस्कारों से सशक्त बालक ही समाज व राष्ट्र का करते हैं निर्माण : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल





नारनौल। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं व कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद शाखा की ओर से सरस्वती स्कूल पुल बाजार में आयोजित पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन शुक्रवार को संपन्न हुआ। संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण के पंचसूत्र पर आधारित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बालकों में संस्कार, व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों का संवर्धन करना था। समापन समारोह की मुख्य अतिथि सरस्वती विद्यालय प्राचार्या क्षमा पांडेय रही, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाविप प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार यादव एडवोकेट ने की। विशिष्ट अतिथि श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा के प्रधान संजय गर्ग थे। विशेष आमंत्रित के रूप में भाविप उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव महेंद्र शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से किया। इसके बाद संस्था सदस्य डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने वंदे मातरम गीत के साथ बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति शुरू की गई। महिला संयोजिका सुचेता गोगिया ने बताया कि 25 मई से 29 मई तक चले शिविर में बच्चों को योग शिक्षिका सरोज कश्यप ने योग प्राणायाम, डांस प्रशिक्षक बलवंत सैनी ने देशभक्ति नृत्य, मीरा ने मेहंदी कला व श्रेया बोहरा ने आर्ट एंड क्राफ्ट के गुर सिखाए। परिषद ने चारों शिक्षकों को सम्मानित किया व विद्यालय से प्रतिदिन आने वाली अध्यापिका कृष्णा व रजनी का परिषद की ओर से सहयोग किया। इसके पश्चात बच्चों ने शिविर में सीखी गई कलाओं का मनमोहक प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि क्षमा पांडेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कारों से सशक्त बालक ही सशक्त समाज व सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं।

कार्यक्रम अध्यक्ष राजकुमार यादव एडवोकेट ने भारत विकास परिषद के प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि संजय गर्ग ने भाविप के सराहनीय प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर से बच्चों में उनकी प्रतिभा ही नहीं अपितु संस्कारों की भी वृद्धि होती है। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव महेंद्र शर्मा ने अभिभावकों व बच्चों को भारत विकास परिषद के बारे में जानकारी दी तथा भारत को जानो पुस्तक का महत्व बताया। समारोह में सभी प्रतिभागी बच्चों व प्रशिक्षकों को अतिथियों की ओर से प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। शाखा के वरिष्ठ सदस्य ओपी अरोड़ा को शाखा संरक्षक घोषित किया तथा यशपाल अरोड़ा व कमलेश वर्मा को संस्था के नए सदस्य के रूप में जोड़ा गया। शाखा अध्यक्ष मुकेश जैन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन सचिव संदीप शुक्ला ने किया।

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर मुकेश जैन, संदीप शुक्ला, भगत सिंह सैनी, महेंद्र शर्मा, एडवोकेट राजकुमार यादव, नरेश गोगिया, ओपी अरोड़ा, पवन अरोड़ा, कुलभूषण शर्मा, नवीन गुप्ता, डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, सुनील चुघ, सुभाष कश्यप, नीरज अग्रवाल, अशोक सिंघल, सुचेता गोगिया, प्रीति शर्मा, प्रतिमा भारद्वाज, लक्ष्मी सचदेवा, सरोज कश्यप, महक शुक्ला, डॉ. उषा यादव, इंदु गुप्ता, मीतू जैन, अनु अग्रवाल, रजनी भयाना, पूजा सैनी, कमलेश वर्मा, शालू चुघ, सुधा, अंजू शर्मा, किरण अरोड़ा, सीता भटेजा आदि मौजूद रहे।



नारनौल। स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते धर्मसिंह। फोटो : हरिभूमि

## आज नशे में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एनएसएस जिला समन्वयक चरण सिंह व कार्यक्रम अधिकारी धर्म सिंह के नेतृत्व में डीएवी स्कूल आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय जिला एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन दयाराम यादव पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि की भूमिका शोभा रानी जिला रेडक्रॉस से व प्रमुख समाज सेविका कृष्णा आर्य ने निभाई। प्रात कालीन सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धर्म सिंह ने नशा मुक्ति पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि आज युवा नशे में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं, बहुत से होनहार युवाओं ने नशे की दलदल में फंसकर अपनी बदनसीबी की कहानी लिखी है। बहुत से युवा नशे के कारण जिलों में बंद है, बहुतों ने आत्महत्या का रास्ता बना लिया है। बुरी संगत के कारण युवा नशे की ओर बढ़ रहे हैं। जन भागीदारी व जागृति के माध्यम से नशे से छुटकारा पाया जा सकता है।

रेडक्रॉस से शोभा रानी ने नशीली दवाओं के दुष्परिणाम पर बोलते हुए कहा कि नशा करने वाले 75 प्रतिशत लोग 18 से 30 वर्ष आयु के युवा हैं। सरकार युवाओं को नशे से दूरी बनाकर खेलों से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने स्वयंसेवकों से जीवन में नशा न करने व अपने आसपास के लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अच्छे स्वास्थ्य पर भी विस्तार से बताया। कृष्णा आर्य ने राष्ट्रीय एकता, योग के महत्व, पौष्टिक भोजन और राष्ट्र सेवा में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान देते हुए कहा कि युवा शक्ति के बल पर देश का भविष्य टिका है, चरित्र मानव की सबसे बड़ी निधि है। मुख्य अतिथि दयाराम ने कहा कि इस शिविर में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवक सौभाग्यशाली हैं।

# मतदाताओं का करेंगे सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। बीएलओ को जानकारी देते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हरियाणा राज्य में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एक जुलाई की अर्हता तिथि के आधार पर प्रारंभ किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को महेंद्रगढ़ के राजकीय महाविद्यालय ऑडिटोरियम में बीएलओ व सुपरवाइजर की ट्रेनिंग हुई। इस दौरान महेंद्रगढ़ विधानसभा के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि महेंद्रगढ़ विधानसभा में भी मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम अनुसार संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा 15 जून से 14 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसके उपरांत 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन करवाने के लिए दावे एवं आपत्तियां 21 जुलाई से 20 अगस्त तक स्वीकार की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 18 सितंबर तक किया जाएगा व अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर को किया जाएगा। सभी पात्र नागरिकों, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं से अपील की है कि वे अपने नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाएं। साथ ही जिन मतदाताओं के नाम, पते अथवा अन्य विवरण में त्रुटि है, वे समय रहते आवश्यक संशोधन करवाएं।

## सागरपुर-अटेली मार्ग पर युवाओं ने लगाई छबील



**मंडी अटेली।** सागरपुर के युवाओं ने समाज सेवा की एक सराहनीय मिसाल पेश करते हुए सागरपुर-अटेली सड़क मार्ग पर छबील लगाकर राहगीरों को शीतल जल पिलाया इस पहल से राह चलते लोगों को काफी राहत मिली और सभी ने युवाओं के इस कार्य की खुले दिल से प्रशंसा की। बरसात होने के चलते मौसम में तापमान में गिरावट आई है जिससे लोगों को गर्मी से राहत महसूस हो रही है। इसके बावजूद युवाओं ने सेवा भावना को प्राथमिकता देते हुए छबील लगाकर आने-जाने वाले लोगों को ठंडा पानी पिलाया और मानवता का संदेश दिया। छबील के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों ने रुककर पानी पिया और युवाओं के इस प्रयास की सराहना की। लोगों का कहना है कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। इस सेवा कार्य में अमन कुमार चौधरी, चिराग, जतिन, सचिन, अभिषेक और आदित्य सहित अन्य युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी युवाओं ने मिलकर व्यवस्था संभाली और सुनिश्चित किया कि किसी भी राहगीर को बिना पानी पिए आगे न जाना पड़े।

# खेल प्रतियोगिता के माध्यम से दिया युवाओं को नशामुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को खेल स्टेडियम महेंद्रगढ़ में बाबा मेडिकल स्टोर द्वारा आयोजित रेस प्रतियोगिता के दौरान नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे विधायक कंवर सिंह यादव एवं एसडीएम योगेश सैनी ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं खिलाड़ियों के साथ रेस लगाई और युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न खेल एवं शिक्षण संस्थाओं के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में ओजस स्पोर्ट्स एकेडमी, बाबा रामफल दास स्पोर्ट्स एकेडमी, हरियाणा लायंस डिफेंस एकेडमी, बलेवा स्पोर्ट्स एकेडमी, नालंदा कोचिंग सेंटर तथा जीनियस एकेडमी का विशेष सहयोग रहा। खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करती हैं और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता जा रहा है। युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर खेल और शिक्षा की ओर ध्यान देना चाहिए।

## स्टेट हाईवे पर लापरवाही: सड़क पर गिरा पेड़ दे रहा हादसों को निमंत्रण



**कनीना।** कनीना महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे नंबर 24 पर लोक निर्माण विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। बता दें कि पिछली तीन मई की रात्रि को क्षेत्र में आई तेज आंधी और बारिश के कारण सड़क किनारे खड़ा एक विशाल पेड़ टूटकर मुख्य मार्ग पर गिर गया था। जिससे सड़क जाम के हालात उत्पन्न हो गए थे। इससे पूर्व यहां पर रोड़ी से भरा ओवरलोड वाहन भी पलट गया था। जिसके अवशेष आज भी देखे जा सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि माहभर बीत जाने के बाद भी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस पेड़ को हटाने की जहमत नहीं उठाई है। विभाग की यह लेट लतीफी अब वाहन चालकों की जान पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। देखा जाए तो यह स्टेट हाईवे नंबर 24 एक बेहद व्यस्त मार्ग है, जिस पर दिन रात हजारों वाहन गुजरते हैं। सड़क के किनारे पेड़ गिरे होने के कारण वाहनों के साइड लेते समय हर समय भीषण सड़क हादसों की संभावना बनी रहती है। रात के अंधेरे में इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट या उचित संकेतक न होने के कारण स्थिति और भी डरावनी हो जाती है। दूर से आ रहे वाहन चालकों को यह पेड़ दिखाई नहीं देता, जिससे कई वाहन इसके पास आकर बाल बाल बचे हैं। राहगीरों एवं वाहन चालकों विजय कुमार, सुरेश कुमार, राहुल, सुनील कुमार, सतबीर का कहना है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं। उनका आरोप है कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। विभाग की यह घोर लापरवाही साफ तौर पर वाहन चालकों की जान को जोखिम में डाल रही है।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन ने एसपी दीपक को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। एसपी दीपक को सम्मानित करते फोटोग्राफर एसोसिएशन।

फोटोग्राफर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला पुलिस अधीक्षक दीपक को गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। एसोसिएशन ने हाल ही में एसपी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के कच्छा-बनियान पारदी गुलेल गिरोह को पकड़ने की कार्रवाई की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

एसोसिएशन सदस्यों ने कहा कि जिले में पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। उन्होंने विशेष रूप से नशा तस्करों, जुआरियों तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की। फोटोग्राफर एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि पुलिस की सतर्कता और सक्रियता के कारण अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिल रही है। इस अवसर पर तरूण कलर लैब के संचालक संजीव यादव, वरिष्ठ फोटोग्राफर धर्मबीर यादव, राजेश शिमला, मिक्सिंग सेंटर संचालक सुरेंद्र यादव नांगल सिरोही, अनिल, विराट, राहुल भाटी, अभिमन्यू, राजेश, कर्मबीर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## खेड़ी गोशाला में टीनशेड, खोर व वट वृक्ष के चबूतरे का लोकार्पण

**मंडी अटेली।** बाबा शरणाईनाथ गोशाला में पीएनबी अटेली से सेवानिवृत बीएम शर्मा व उनकी अध्यापिका पत्नी कांता देवी की ओर से तीन लाख से निर्मित गोशाला में टीनशेड 20 बाई 76, खोर (चारा का स्थान) व वट वृक्ष के चबूतरे का लोकार्पण महाराज पहाड़ीनाथ ने किया। गोशाला में टीनशेड व दूसरी सुविधा मिलने से गोशाला में रहने वाले 650 गोवंश को लाभ मिलेगा। पीएनबी अटेली से बीएम शर्मा 14 साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। वे मूल रूप से जिला सोनीपत के गांव फतेहपुर के रहने वाले हैं। इनका गोशाला से गहरा लगाव रहा है तथा गोशाला के सचिव पद पर भी अपनी सेवा दे चुके हैं। गोशाला में छायादार पेड़ लगाए हुए हैं तथा उनकी सुरक्षा दीवार बनाई है। गोशाला के महाराज पहाड़ीनाथ ने कहा कि पीएनबी अटेली से सेवानिवृत बीएम शर्मा पुत्र पंडित अमर सिंह व उनकी पत्नी कांता देवी गोप्रेमी के साथ एक अच्छे नागरिक भी हैं। बैंक में कार्यरत के समय अपनी ड्यूटी के समय लोगों को बेहतर सेवा प्रदान की है। गोशाला में टीनशेड व दूसरी सुविधा प्रदान करने से दूसरे लोगों के लिए प्रेरणा मिलेगी। टीनशेड पर करीब दो लाख 65 हजार, वट वृक्ष के चबूतरे पर 34 हजार की लागत आई है।

## आरपीएस ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट रिजल्ट देने वाले होनहारों को किया सम्मानित



रेवाड़ी। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए विख्यात आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल में मंगलवार को श्रेयोत्सव अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्रों को पगड़ी व फूल मालाएं पहनाकर खुली जीप में ढोल नगाड़ों के साथ कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। इस दौरान छात्रों पर पुष्प वर्षा तथा करतल ध्वनियों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सीईओ ईंजी. मनीष राव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं, 10वीं और जेईई मेन जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष आरपीएस रेवाड़ी में सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम में साइंस मेडिकल में यश पुत्र योगेश कुमार 96.40 प्रतिशत के साथ प्रथम रहे हैं। नॉन मेडिकल में वन्या पुत्री राजेश कुमार यादव 98.40 प्रतिशत के साथ अव्वल रही। कॉमर्स में निकिता पुत्री विक्रम 98.20 प्रतिशत के साथ प्रथम रहीं हैं। मैनिटीज संकाय में। इशिका यादव पुत्री जयवीर व निहारिका यादव पुत्री प्रदीप कुमार 97.20 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से प्रथम रहीं हैं। जबकि दसवीं कक्षा में रिद्धिमा यादव पुत्री शुभराम यादव ने 99.6 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पाया। आरपीएस समूह चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि हमारे बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से आज यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प यदि दृढ़ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

## मुख्य बाजार से ढाई किमी गुजरते हुए पुराना बस स्टैंड होकर स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय पर पहुंचे

### मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारी

# ग्रामीण सफाई कर्मियों ने हाई कोर्ट के आदेश को लागू करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली




मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय पर उनके निजी सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए।

ग्रामीण सफाई कर्मियों की पिछले 15 दिनों से हड़ताल चल रही है। ग्रामीण सफाई कर्मी अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन पर बैठे हुए है। शुक्रवार को महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी जिले के सफाई कर्मियों ने आक्रोश रैली निकाल कर स्वास्थ्य मंत्री के पीए गोविंद स्वामी को अटेली में अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। आक्रोश प्रदर्शन को एआईयूटीयूसी के साथ सीटू के साथ सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपना समर्थन देकर प्रदर्शन में शामिल रहे। आक्रोश प्रदर्शन से पूर्व बिजली निगम कार्यालय में बैठक हुई। उसके बाद अटेली कालेज से धन्नौद रोड होते हुए झंडा चौक से मुख्य बाजार से ढाई किमी गुजरते हुए पुराना बस स्टैंड होकर स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय पर पहुंचे। ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रधान राजकुमार, महेंद्रगढ़ जिले से अमित कुमार सहित अनेक पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। आक्रोश प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला सफाई कर्मियों ने भी हिस्सा लिया। ग्रामीण सफाई कर्मियों ने हाथों में पट्टी के साथ सरकार विरोधी नारे भी लगाये। आक्रोश प्रदर्शन में एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह ने भी संबोधन दिया। एआईयूटीयूसी से संबंधित ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में ग्रामीण सफाई कर्मियों ने 19 साल की लंबी सेवा को देखते हुए हाई कोर्ट के आदेशानुसार पक्का करना। न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू करने, प्रत्येक सफाई कर्मी को कूड़ा उठाने के लिए स्वचालित वाहन देना, ईएसआई व पीफ को मुकम्मल रूप से लागू करना, रिटायर्ड होने पर पुरानी पेंशन की तर्ज पेंशन लागू करना, दुर्घटना में मौत होने पर 50 लाख तथा सामान्य मौत पर 20 लाख व परिवार को नौकरी देने सहित प्रमुख मांग है।

**यह रहे मौजूद**

*प्रदर्शन में बसंत कुमार, सीटू से जिला सचिव रोहतास गोठवाल, राहुल यादव, नरेश, आशीष, सीताराम, अटेली ब्लाक प्रधान ईश्वर सिंह, नवल किशोर, अमित कुमार, जिला प्रधान हरिराम आदि मौजूद रहे।*

## तीसरे दिन माता सती और भगवान शिव की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ स्थित शक्तिपीठ मां भूरा भवानी मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन माता सती और भगवान शिव कथा सुनाकर पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर की महंत शक्तिनाथ महाराज और पंडित राजू शर्मा ने परम पूज्य गुरुदेव आचार्य कपिल शास्त्री को तिलक लगाकर कथा आसान पर सम्मान के बैठाया। कथा व्यास आचार्य कपिल शास्त्री ने अपनी मधुर वाणी में माता सती और भगवान शिव की कथा और बावन भगवान की कथा का संगीतबद्ध वर्णन किया और बावन भगवान को झांकी भी निकाली। कथा सुनकर पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तिमय हो उठे। कथा में पंडित अजय शास्त्री व सुशील शास्त्री ने अमृत वाणी से सहयोग किया, जबकि मनोज जांगड़ा ने हारमोनियम पर संगत दी। इस दौरान राजू शर्मा व उनकी पत्नी मंजू शर्मा यजमान के रूप में उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मै विरेंद्र सिंह यादव पुत्र सूरज सिंह यादव व संतोष पत्नी विरेंद्र सिंह यादव मकान नं. 1 मालवीय नगर नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र पुनीत यादव व उसकी पत्नी इंदु यादव हमारे कहने सुनने से बाहर है व आए दिन घर में लडाई–झगडा करते रहते है। इसलिए हम अपनी चल–अचल संपत्ति से दोनों को बेदखल करते हैं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेदार होंगे हमारी व हमारे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं सुरेश कुमार पुत्र श्रीराम यादव, गांव कोरियावास, तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमित कुमार और उसकी पत्नी कोमल देवी मेरे कहे सुनने से बाहर है। मैं इन दोनों को अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### 22 साल से फरार पीओ को पुलिस ने पकड़ा

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक की ओर से गठित विशेष पीओ स्टाफ ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पिछले करीब 22 वर्षों से फरार चल रहे एक पीओ को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपित की पहचान साहुन निवासी देवला नूंह के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने देवला क्षेत्र से ही पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपी साहुन कनीना थाना में वर्ष 2003 में चोरी के दो अलग अलग मामलों में संलिप्त था। मामलों में आरोपित पिछले करीब 22 साल से फरार चल रहा था, जिसके चलते अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित किया था।

### जनता की संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता

**नारनौल।** मुख्यमंत्री के दिशानिर्देशों के तहत आमजन की समस्याओं के त्वरित और स्थाई समाधान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में लघु सचिवालय में उपायुक्त अनुपमा अंजली ने अधिकारियों की अहम समीक्षा बैठक ली। इसमें प्रत्येक सप्ताह सोमवार व वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में आने वाली जन शिकायतों की प्रगति की एक एक कर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनता को अपनी जायज मांगों और समस्याओं के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। समाधान शिविरों का उद्देश्य ही यही है कि एक ही छत के नीचे लोगों की समस्याओं का त्वरित निवारण हो। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि मुख्यमंत्री के इन जन कल्याणकारी दिशानिर्देशों को धरातल पर पूरी सत्यनिष्ठा से लागू किया जाए।

### सीएम को दिया प्रशिक्षण शिविर का निमंत्रण

**नारनौल।** संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने 30 व 31 मई को पट्टीकल्याणा समालखा में आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियां तेज कर दी हैं। डॉ. राव ने इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने के लिए प्रदेश के प्रमुख नेताओं को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण पत्र सौंपे हैं, जिनमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद धर्मवीर सिंह, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव शामिल है। इस दो दिवसीय शिविर के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी सांगठनिक कार्यों व नीतियों को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### डॉ. अर्चना के नेतृत्व में पार्टी को मिलेगी मजबूती

**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारियों की ओर से बधाइयों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा की कमान सौंपे जाने पर बधाई दी। डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता एक अनुभवी, कर्मठ व संगठन के प्रति पूरी तरह समर्पित नेता हैं। उन्होंने लंबे समय तक प्रदेश महामंत्री के रूप में संगठन को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई है। राव ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी।

*दुकानदारों को कपड़े के थैले का इस्तेमाल करने का निर्देश, नियम के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई*

# सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे 3 दुकानों पर प्रशासन ने मारा छापा, 25-25 हजार का ठोका जुर्माना

*प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रतिबंध के बावजूद हो रहा इस्तेमाल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

शहर में प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड व नपा अधिकारियों ने तीन दुकानों पर औचक छापेमारी करके सिंगल यूज प्लास्टिक का स्टॉक पकड़ा है। टीम ने तीन दुकानों पर 25-25 हजार का जुर्माना लगाने के बाद विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। कार्रवाई की भनक लगते ही शहर के दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई। टीम ने विभिन्न मार्केट का निरीक्षण किया तथा दुकानदारों को कपड़े के थैले इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

**सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई की भनक लगते ही दुकानदारों में मचा हड़कंप**



नांगल चौधरी। दुकान पर छापेमारी करती प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की संयुक्त टीम।

### शिकायत मिलने पर की गई छापेमारी

आपको बता दें कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बढ़ने से जमीन की उपजाऊ क्षमता कमजोर होने के साथ वातावरण में प्रदूषण की मात्रा निरंतर बढ़ रही है। बचाव के लिए सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंद लगा दिया। इसके बावजूद शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक की बड़े स्तर पर बिक्री हो रही है। शिकायत मिलने पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने नांगल चौधरी में औचक छापेमारी की। सबसे पहले टीम कोटपूतली रोड पर स्थित दो दुकानों पर छापा मारा। यहां प्लास्टिक बरामद होने के बाद जुर्माना कार्रवाई की गई। इसके बाद निजामपुर रोड पर स्थित एक दुकान पर रेड मारी, जिसमें दुकान से भारी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद हुआ। तीनों दुकानों पर 25-25 हजार का जुर्माना लगाने के बाद टीम गांधी बाजार, नारनौल रोड, कटला मंडी में पहुंची, लेकिन कार्रवाई की सूचना लगने के कारण अधिकांश दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों को बंद करके इधर-उधर बैठ गए। करीब एक घंटे तक रैकी करने के बाद टीम नारनौल की तरफ रवाना हो गई। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बेहद नुकसानदायक है। इससे न केवल प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि नालियां जाम होने और पशुओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। प्रशासन ने व्यापारियों व आम नागरिकों से कपड़े तथा कागज के बैग का इस्तेमाल करने की अपील की है।

### औचक छापेमारी में लएंगे तेजी

प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता योगेश ने बताया कि औचक कार्रवाई के दौरान तीन दुकानदारों के चालान किए गए हैं। इनमें से दो दुकानदारों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जबकि अन्य के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंद लगाने के लिए छापेमारी अभियान को तेज किया जाएगा।

## स्वास्थ्य मंत्री की मौजूदगी में पंचकूला से 9 बड़ी परियोजनाओं का शुभारंभ

# सीएम ने महेंद्रगढ़ सहित प्रदेश को दीं 100 करोड़ की स्वास्थ्य सौगातें

**जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक ओमप्रकाश यादव रहे मुख्य अतिथि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जिला महेंद्रगढ़ सहित प्रदेश को 100 करोड़ से अधिक की नौ परियोजनाओं का पंचकूला से वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी मौजूद थी। वहीं नागरिक अस्पताल में स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे तथा उन्होंने इन परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया।

इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्यरत है और इन जनकल्याणकारी परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से स्वास्थ्य प्रणाली अत्यधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इन नई अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि अटेली सीएचसी को वेदांता अस्पताल द्वारा गोद लेने का फैसला सराहनीय है। इस मौके पर एडीसी तरुण कुमार पावरिया, डीएसपी भारत भूषण, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, महर्षि च्यवन राजकीय मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. बृजेंद्र सिंह ढिल्लो, डॉ. आशा शर्मा, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, जेपी सैनी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।





नारनौल। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का संबोधन सुनते विधायक ओमप्रकाश यादव व अन्य और स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन करते विधायक ओमप्रकाश यादव।

### सीएम ने जिले को दीं ये परियोजनाएं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की मौजूदगी में पंचकूला से वर्चुअल माध्यम से जिले को कई स्वास्थ्य परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम ने जिला नागरिक अस्पताल में श्स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल और सुलभ बनाने के लिए राज्य स्तरीय टेली ईसीजी सेवा का भी शुभारंभ किया। ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत स्वास्थ्य ढांचा देने के लिए तिगरा, बिहाली, बजाड़ए सिहोर और स्याणा में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया गया। इसके अलावा आमजन को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नागरिक अस्पताल में अमृत फार्मेसी स्टोर की आधारशिला भी रखी गई। इन सभी नई और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के शुरू होने से जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतरीन इलाज मिल सकेगा। अमृत फार्मेसी की स्थापना से मरीजों को बेहद किफायती दरों पर जीवन रक्षक दवाएं मिलेंगी, जिससे गरीब व मध्यम वर्ग के परिवारों का चिकित्सा खर्च कम होगा।

### मेडिकल कॉलेज में मुफ्त डायलिसिस

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्चुअल माध्यम से महर्षि च्यवन राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं राव तुलाराम अस्पताल कोरियावास में नवनिर्मित अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट का विधिवत उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। राज्य स्तर के इस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी पंचकूला में मौजूद थी। मेडिकल कॉलेज में लगाई गई बड़ी एलइडी के जरिए नागरिकों ने इस लाइव कार्यक्रम को देखा। मुख्यमंत्री ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उसके घर के नजदीक ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह नई डायलिसिस यूनिट इसी दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि महर्षि च्यवन राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं राव तुलाराम अस्पताल कोरियावास के द्वितीय तल पर इस आधुनिक डायलिसिस यूनिट की स्थापना से अब जिला और आसपास के क्षेत्रों के किडनी से पीड़ित मरीजों को डायलिसिस के लिए दिल्ली, जयपुर या गुरुग्राम जैसे बड़े शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और उनका कीमती समय व पैसा दोनों बचेगा।

## न्यूज डायरी



### नरेंद्रगिरी की धूनी तपस्या बनी आस्था का केंद्र

**नारनौल।** गांव धनौन्दा में बाबा नरेन्द्रगिरी महाराज की ओर से गत 14 मई से की जा रही 84 धूनी तपस्या श्रद्धालुओं के लिए धर्म व आस्था का केन्द्र बनी हुई है। भीषण गर्मी, लू और तेज धूप के बावजूद धनौन्दा, खरकड़ा बास, झाड़ली, छिथरोली, खेड़ी तलवाना, सिहोर, नौताना, सेहलंग, उन्हाणी, अगिहार, पाथेड़ा, कैमला आदि गांवों के ग्रामीण भारी संख्या में तपस्या स्थल पर पहुंचकर भजन कीर्तन, शब्द, महिमा गुणगाण व धूणे की परिक्रमा कर रहे हैं। पिताम्बर प्रधान रविन्द्र, रमेश हलवाई, सुरेन्द्र सिंह, विजय शर्मा, रोशनी, संतोष, कंवर सिंह सोनी ने धूणे की परिक्रमा लगाते हुए कहा कि बाबा नरेन्द्र गिरी महाराज की 84 धूनी तपस्या से इलाके में धर्म की भावना बढ़ती जा रही है।



### महेंद्रगढ़ में शुरू हुए नए पीजी कोर्स

**महेंद्रगढ़।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजकीय महाविद्यालयों में नए पीजी कोर्स शुरू किए गए हैं। इसी उपलक्ष्य में विधायक कंवर सिंह यादव का तीनों महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं स्टाफ सदस्यों का सम्मान किया गया। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महेंद्रगढ़ के दोनों महाविद्यालय तथा राजकीय महाविद्यालय सतनाली आते हैं। विधायक कंवर सिंह यादव के प्रयासों से राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में एमएससी फिजिक्स एवं एमएससी गणित तथा राजकीय महाविद्यालय सतनाली में एमए हिंदी एवं एमए राजनीति विज्ञान जैसे नए पीजी कोर्स प्रारंभ किए गए हैं। नए पाठ्यक्रमों के शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।



### परिवहन मंत्री अनिल विज से की मुलाकात

**नारनौल।** हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की राज्य कमेटी के पदाधिकारियों ने परिवहन मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर रोडवेज कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को उनके समक्ष रखा। हरियाणा रोडवेज जागृति मंच के राज्य मुख्य सलाहकार प्रीतम बागड़ी ने बताया कि परिवहन मंत्री ने कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि रोडवेज विभाग के कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो मांगें विभाग स्तर पर पूरी हो सकती हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा, जबकि अन्य मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा।

### बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**नारनौल।** क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार को बायल के मुख्य गेट पर हरनाथ की ढाणी के लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि एक माह पहले आई आंधी के दौरान कई बिजली पोल गिर गए थे, लेकिन बिजली निगम ने अब तक उन्हें स्थायी रूप से नहीं लगवाया। ग्रामीणों ने बताया कि निगम ने पोल लगाने का कार्य एक ठेकेदार को दिया था, लेकिन इस दौरान वहां रखे बिजली के तार भी चोरी हो गए। इसके बाद अस्थायी व्यवस्था से बिजली आपूर्ति चल रही थी। बीते दिन फिर आई तेज आंधी के कारण दोबारा बिजली पोल गिर गए।

### सतनाली पुलिस ने 4 आरोपितों को किया गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** थाना सतनाली पुलिस टीम द्वारा माधौगढ़ स्थित सीता नाथ आश्रम में महाराज के साथ मारपीट और मोबाइल छिनने के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान माधौगढ़ निवासी राकेश, अनूप व राकेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए तीन डंडे भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला 22 मई की रात का है, रात करीब 12:30 बजे आरोपित लाठी-डंडों के साथ आश्रम के भीतर जबरन घुस गए। उन्होंने महाराज के साथ मारपीट की।



नारनौल। चेकिंग अभियान चलाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर की चेकिंग

**नारनौल।** पुलिस की ओर से नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एक व्यापक और कड़ा अभियान चलाया जा रहा है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने और समाज को नशामुक्त करने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए शहर के विभिन्न पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर एक सघन सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस बल के साथ डॉग स्क्वॉड की टीम भी मुख्य रूप से तैनात रही। खोजी कुत्तों की मदद से पार्कों, झाड़ियों और अन्य संदिग्ध कोनों की बेहद बारीकी से जांच की गई। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि शहर के पार्कों या किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कोई भी असामाजिक तत्व नशीले पदार्थों की खरीद फरोख्त न कर सके। अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने इस बात की भी गहनता से जांच की कि इन स्थानों पर कोई व्यक्ति बैठकर नशे का सेवन न कर रहा हो, जिससे वहां आने जाने वाले आम नागरिकों और परिवारों को किसी तरह की असुविधा या असुरक्षा का सामना करना पड़े।

## हाईकोर्ट के आदेश पर छापड़ा सलीमपुर में प्रशासन ने अवैध कब्जा हटवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

सिहमा खंड के गांव छापड़ा सलीमपुर में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए प्रशासन ने पीले पंजे की सहायता से अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान नारनौल के नायब तहसीलदार लच्छीराम ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में अभियान की निगरानी की।

अहाता नंबर 97 पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। प्रशासन की सतर्कता और मुस्तैदी के चलते पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई और कहीं से भी विरोध की स्थिति सामने नहीं आई। इस कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन के कदम का समर्थन किया। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से गांव में व्यवस्था बनी रहती है और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों पर रोक लगती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जाएं, ताकि सार्वजनिक संपत्ति सुरक्षित रह सके। वहीं सिहमा खंड की विकास एवं पंचायत अधिकारी रेनू लता ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में पंचायत या सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि किसी भी कीमत पर पंचायत भूमि पर निजी कब्जा सहन नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



मंडी अटेली। सलीमपुर में अवैध कब्जे हटाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### रोडवेज कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**नारनौल।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने धरना देकर परिवहन मंत्री के नाम यातायात प्रबंधक को ज्ञापन दिया। धरना प्रदर्शन में मौजूद कर्मचारियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन रविंद्र यादव छापड़ा, राज्य प्रेस प्रवक्ता जितेंद्र यादव, कार्यवाहक प्रधान कर्मवीर गाहड़ा, उपप्रधान संजीत, सलाहकार रामबीर, प्रेस प्रवक्ता विवेक कुमार, संगठन सचिव विरेंद्र, कैशियर मनोज आदि कर्मचारी नेताओं ने बताया कि यूनियन द्वारा समय–समय पर चालक, परिचालकों द्वारा विपरित परिस्थितियों में ईमानदारी से जनता की सेवा कार्य उपरांत देय भत्तों का भुगतान समय पर करने बारे मौखिक व लिखित मांग पत्र देकर अवगत कराया जा रहा है, लेकिन आरोप लगाया कि महाप्रबंधक द्वारा देय भत्तों का भुगतान समय पर नहीं कराया जा रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## सीएम ने की वीसी के जरिए विश्व योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

# उपायुक्त को प्रत्येक गांव में योग मित्र तैनात करने के निर्देश

*जिले में योग युक्त नशा मुक्त अभियान होगा तेजः डीसी अनुपमा अंजली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की। स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग की थीम पर आधारित इस वर्ष के योग कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री ने दिशानिर्देश जारी किए। वीसी के बाद उपायुक्त ने जिले में की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प को जिला महेंद्रगढ़ में पूरी शिद्दत और सक्रियता के साथ धरातल पर उतारा जाएगा।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि हर घर योग, हर दिन योग के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिले को पूरी तरह योगमय बनाने के लिए, उन्होंने जिले के प्रत्येक गांव में योग मित्र तैनात करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने आयुष विभाग की ओर से जारी निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 21 जून को होने वाले मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व तमाम प्रारंभिक कार्यक्रमों और योग सत्रों को समयबद्ध तरीके से आयोजित करने को कहा। जिला स्तर पर इस आयोजन को भव्य और अनुशासित बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने की हिदायत दी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक, एडीसी तरुण कुमार पावरिया, आरटीए मनोज कुमार, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशि बाला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल थे।





नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मौजूद डीसी अनुपमा अंजली।

### नागरिक पोर्टल पर कराएं पंजीकरण

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने जिलावासियों से आह्वान किया है कि वे इस 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन कार्यक्रम में केवल दर्शक न बनकर, बल्कि अग्रणी भूमिका में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। उपायुक्त ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य और अध्यात्म के अभियान को और अधिक गति देने के लिए नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं, ताकि जिला महेंद्रगढ़ इस बार योग के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम कर सके।

### अध्यापिका का युवकों ने किया पीछा, धमकाया

**नारनौल।** शहर में एक प्राइवेट स्कूल की अध्यापिका के साथ कथित रूप से पीछा करने और डराने-धमकाने की घटना सामने आई है। घटना में प्रयुक्त गाड़ी सीसीटीवी में कैद हो गई है। अध्यापिका 27 मई को दोपहर स्कूल से स्कूटी पर घर लौट रही थी। इसी दौरान पीरआगा में दादू वाले के पास सफेद रंग की गाड़ी में सवार कुछ युवक उसके पास पहुंचे। गाड़ी के शीशों पर काली फिल्म लगी हुई थी। अध्यापिका के अनुसार युवकों ने गाड़ी उसके पास रोककर हैलो मैडम कहा। महिला ने कोई जवाब नहीं दिया और अपनी स्कूटी आगे बढ़ा ली। आरोप है कि इसके बाद भी युवक लगातार उसका पीछा करते रहे। खतरा महसूस होने पर अध्यापिका तेजी से अपने घर की ओर निकल गई। पीड़िता का आरोप है कि युवकों ने उसे धमकी भी दी।